## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 23.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते 03 अभियुक्तों को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से माल-फड़ व जामातलाशी के कुल 5145 रुपये एवं 52 अदद ताश के पत्ते व 03 मोटरसाइकिल बरामद।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 22.09.2026 की देर शाम थाना कालिंजर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि तरहटी कालिंजर बेलाताल में बने जर्जर गुम्बद के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा दबिश देकर मौके से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि 03 अन्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। मौके से मालफड़ के 04 हजार रूपए तथा जामा तलाशी से 1145 रूपए व 52 ताश के पत्ते सहित 03 मोटरसाइकिल भी बरामद हुए है।

**बरामदगी-**

- माल-फड़ व जामातलाशी से 5145 रुपये
- 52 अदद ताश के पत्ते
- 03 मोटरसाइकिल

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. नवल किशोर पुत्र रामकिशोर निवासी कीरतपुर थाना धरमपुर जनपद पन्ना (म0प्र0)।
2. जयपाल पुत्र नत्थू निवासी कटरा थाना कालिंजर जनपद बांदा।
3. बाल किशन उर्फ बाटू पुत्र लक्ष्मण निवासी तरहटी कालिंजर थाना कालिंजर जनपद बांदा।

**फरार अभियुक्त-**

1. शेरा पुत्र रामऔतार निवासी अज्ञात।
2. चुन्नू पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात।
3. दुर्गेश पुत्र कौटू निवासी अज्ञात।

**पंजीकृत अभियोग –**

- मु0अं0सं0 130/2026 धारा 13 जुआ अधि0 थाना कालिंजर जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. श्री दारा सिंह थानाध्यक्ष कालिंजर
2. श्री मनीष कुमार चौकी प्रभारी किला कालिंजर
3. कां0 रामकिशोर यादव
4. कां0 विमलेश सरोज
5. कां0 यादवेन्द्र सिंह